An ISO 9001:2015 certified

# झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

पत्रांक– SPE/51/72/2026 2469 राँची, दिनांक 19.6.2026

प्रेषक,

**शशि रंजन,** भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक।

सेवा में,

1. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड।
2. सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड।

**विषयः–** **12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **पत्रांक 2321 दिनांक 09.06.2026.**

महाशया/महाशय,

उपरोक्त विषयक अंकित करना है कि प्रसंगाधीन पत्र द्वारा 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 के तहत विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु विभागीय सचिव द्वारा निदेश दिया गया है। (पत्र की छायाप्रति संलग्न) इस संबंध में दिनांक 20.06.2026 (तृतीय शनिवार) एवं दिनांक 21.06.2026 (रविवार) को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस संबंधी सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु राज्य के **सभी कोटि के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक खुला रहेगा तथा इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। उक्त दिवस में विद्यालय में मध्याह्न भोजन का संचालन नहीं किया जाएगा।**

उक्त के आलोक में निदेशित किया जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के अवसर पर विद्यालयों में संचालित योग संबंधी गतिविधियों के संचालन से संबंधित आँकड़ें, फोटोग्राफ एवं अन्य विवरणी को समेकित करते हुए सभी जिला, उपलब्ध कराये गये Google Sheet https://docs.google.com/spreadsheets/d/1WqxWT9t598DMLwRLSeqSLDuIjBEux8A3zb8nvE-SBOs/edit?usp= sharing में भरना सुनिश्चित करेंगे ताकि राज्य कार्यालय द्वारा समेकित विवरणी शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जा सकें।

विश्वासभाजन

19/06/26

**शशि रंजन,**
राज्य परियोजना निदेशक।

पत्रांक– SPE/51/72/2026 2469 राँची, दिनांक 19.6.26

**प्रतिलिपिः–**

1. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/06/26

**शशि रंजन,**
राज्य परियोजना निदेशक।

जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर-3, धुर्वा, राँची-834004 दूरभाष:0651-2444501] 2444502 ई-मेल: jepcranchi1@gmail.com